न्यायालय जिला कलक्टर, बारां (राज0)

पीठासीन अधिकारी:— श्री रोहिताश्व सिंह तोमर (आई.ए.एस)

प्रकरण संख्या 21/2025

बउनवान

राज्य सरकार जर्ये रमेश चंद मीणा, प्रवर्तन अधिकारी, (अटरू) (प्रार्थी)

बनाम

श्री ओमप्रकाश पुत्र मोतीलाल निवासी अटरू (अप्रार्थी)

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 6(ए) आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत

उपस्थिति :— 1. पेरोकार रसद (प्रार्थी)

निर्णय दिनांक 01.09.2025

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि दिनांक 20.02.2025 को घरेलू गैस सिलेण्डरों के बढते व्यावसायिक दुरूपयोग की शिकायत के क्रम मैं प्रार्थी हमराह संतोष कुमार मीणा, प्रवर्तन निरीक्षक, पांचाल स्वीट्स एवं नमकीन पर पहुंचे। मौके पर श्री ओमप्रकाश पुत्र मोतीलाल निवासी अटरू उपस्थित मिले जिनके सामने जांच की गई। जांच में मौके पर घरेलु गैस सिलेण्डर का दुरूपयोग किया जाना पाया गया। मौके पर घरेलू गैस सिलेण्डर पेट्रोलियम गैस (वितरण का विनियमन) आदेश 2000 के भाग 3 के बिन्दु संख्या 3, 4, 5 व 7 का उल्लंघन पाये जाने पर 3 घरेलू गैस सिलेण्डर मौके पर जब्त सरकार कर रूबरू मैसर्स हिल व्यू गैस एजेन्सी अटरू की सुपुर्दगी में दिया जाकर सुपुर्दगीनामा लिखा गया।

इस प्रकार अप्रार्थी का यह कृत्य राजस्थान पेट्रोलियम उत्पाद (अनुज्ञापन व नियत्रंण) आदेश 1990 के खण्ड 3(1) तथा द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) आदेश 2000 के खण्ड 3(2) का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः उपरोक्तानुसार जब्तशुदा गैस सिलेण्डर को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत राजसात की कार्यवाही कर निस्तारण फरमावें।

इस पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को धारा 6(बी) आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थी ने उपस्थित होकर जवाब इस आशय का पेश किया कि प्रार्थी के मकान में रेस्टोरेन्ट लगा हुआ है मकान के सिलेण्डर दुकान पर रखे थे उनको आधार बताकर प्रार्थी के ख्लिाफ कार्यवाही की गई है, जबकि प्रार्थी घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग रेस्टोरेन्ट पर नहीं करता कॉर्मशियल सिलेण्डर का उपयोग करता है। प्रार्थी ने मकान के गैस सिलेण्डर भरवाने हेतु दुकान पर रख रखे थे जिन्हे जब्त किया गया है भविष्य में प्रार्थी घरेलू गैस सिलेण्डरों को अपनी दुकान पर नही रखेगा ना ही उनका उपयोग करेगा। अगर भविष्य में घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग करता पाया जावे तो प्रार्थी जिम्मेदार रहेगा। अतः प्रार्थी के विरूद्ध जारी नोटिस ड्रोप फरमाया जावे। दौरान कार्यवाही [illegible] बावजूद सूचना अनुपस्थित रहने पर उसके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर एक पक्षीय [illegible] प्रार्थी की सुनी गई ।

हमने बहस एकपक्षीय [illegible] रसद की [illegible]।

Signature Not Verified

Digitally signed by Rohitashva Singh Tomar
Date: 2025.10.01 12:40:19 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
बाराँ (राज०)

दौरान बहस पैरोकार रसद ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि अप्रार्थी ने घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग कर राजस्थान पेट्रोलियम उत्पाद (अनुज्ञापन व नियत्रंण) आदेश 1990 के खण्ड 3(1) तथा द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) आदेश 2000 के खण्ड 3(2) का उल्लंघन किया है। अतः जब्तशुदा 3 गैस सिलेण्डर को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत राजसात किये जाने के आदेश फरमावें।

हमने सम्पूर्ण पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। अप्रार्थी ने जवाब मे स्वंय घरेलू गैस सिलेण्डर रेस्टोरेन्ट पर रखे जाना स्वीकार किया है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य पाया जाता है।

परिणामस्वरूप प्रार्थनापत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर, जिला रसद अधिकारी, बारां को निर्देश दिये जाते है कि जप्तशुदा HPCL गैस सिलेण्डर नम्बर (1) 459583, BPCL गैस सिलेण्डर नम्बर (2) 246574, HPCL गैस सिलेण्डर नम्बर (3) 108266, का उपयोग व्यावसायिक कार्य हेतु किया गया है, इसलिये अप्रार्थी/सुपुर्दगीदार से जप्तशुदा गैस सिलेण्डर की सिक्योरिटी राशि मय जुर्माना राशि प्रति गैस सिलेण्डर 2500/- रूपये यानि 3 गैस सिलेण्डर की कुल 7500/- रूपये लिये जाकर जप्तशुदा घरेलू गैस सिलेण्डर को वापस लौटाया जावे। यदि अप्रार्थी जप्तशुदा गैस सिलेण्डर को उक्तानुसार राशि जमा करवा कर वापस नही लेता है तो अप्रार्थी से व्यवसायिक गैस की दर से घरेलू गैस सिलेण्डर की अन्तर राशि नियमानुसार प्राप्त करें एवं प्राकृतिक गैस विभाग द्वारा अपने पत्र दिनांक 22.6.07 द्वारा राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, जयपुर के प्रदत्त निर्देशानुसार उक्त जप्तशुदा गैस सिलेण्डर को संचालक रूबरू मैसर्स हिल व्यू गैस एजेन्सी अटरू को कीमत पर दिया जाकर उक्तानुसार प्राप्त राशि नियमानुसार राजकोष में जमा करवायी जावें।

निर्णय आज दिनांक 01.09.2025 को लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

न्यायालय जिला कलक्टर बारां (राज०)

(रोहिताश्व सिंह तोमर)
जिला कलक्टर बारां

जिला कलक्टर
बारां (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Rohitashva Singh Tomar
Date: 2025.10.01 12:40:19 IST
Reason: SelfAttested